इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

निवेशक सेवाएँ कक्ष
INVESTOR SERVICES CELL
वेबसाइट / website: www.indianbank.in
ई-मेल / e-mail : ibinvestorrelations@indianbank.co.in

कॉर्पोरेट कार्यालय
254-260, अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014
Corporate Office
254-260, Avvai Shanmugam Salai,
Royapettah, Chennai - 600 014
दूरभाष/Phone: 044-28134076/28134698/28134484

Ref No.: ISC/90/2021-22 Date: 23.06.2021

The Vice President National Stock Exchange of India Limited "Exchange Plaza", Bandra Kurla Complex, Bandra East Mumbai - 400 051 ***NSE Symbol: INDIANB***	The Vice President BSE Limited Phiroze Jeejibhai Towers Dalal Street Mumbai - 400 001 ***BSE Scrip Code: 532814***

Dear Sir/Madam,

Subject: **Copy of Notice of 15th Annual General Meeting (AGM) of the Bank scheduled to be held on 16th July 2021**

In terms of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing a copy of Notice of 15th Annual General Meeting of the Bank scheduled to be held on 16th July 2021.

This is for your information, records and dissemination please.

Yours faithfully,

(Dina Nath Kumar)
Asst. General Manager & Company Secretary

Encl: As Stated

कॉर्पोरेट कार्यालय
254–260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा,
चेन्नै – 600 014

Corporate Office
254 - 260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah
Chennai - 600 014

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से पंद्रहवीं वार्षिक आम बैठक की नोटिस

NOTICE OF 15th ANNUAL GENERAL MEETING THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC)/ OTHER AUDIO VISUAL MEANS (OAVM)

शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे

Friday, the 16th July, 2021 at 11.00 a.m.

महत्वपूर्ण तिथियाँ
IMPORTANT DATES

पंद्रहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की तिथि, समय और माध्यम Date, time and mode of Fifteenth Annual General Meeting (AGM)	**शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 को सुबह 11.00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से **Friday, the 16th July, 2021 at 11.00 a.m** through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM)
स्पीकर के रूप में पंजीकृत होने के लिए ई–मेल के माध्यम से अनुरोध भेजने की अंतिम तिथि Last date for sending e-mail request to get registered as a speaker	**शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021** (कार्य समय की समाप्ति) **Friday, the 09th July, 2021** (Close of business hour)
बैठक की कार्यसूची मदों पर मतदान करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए कट–ऑफ तिथि Cut-off Date for ascertaining eligibility of the Shareholders to vote on Agenda items of the meeting.	**शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021** (कार्य समय की समाप्ति) **Friday, the 09th July, 2021** (Close of business hour)
रिमोट ई–वोटिंग Remote e-voting	**मंगलवार, 13 जुलाई, 2021 को सुबह 10.00 बजे से बृहस्पतिवार, 15 जुलाई, 2021 को शाम 5.00 बजे तक** **From 10.00 a.m. on Tuesday, the 13th July, 2021 to 5.00 p.m. on Thursday, the 15th July, 2021**.
लाभांश के लिए अभिलेख तिथि Record Date for Dividend	**शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021** **Friday, the 09th July, 2021**
वार्षिक लेखा बंदी तिथि Annual Book Closure Date	**शनिवार, 10 जुलाई, 2021 से शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021** (दोनों दिन सम्मिलित) **From Saturday, the 10th July, 2021 to Friday, the 16th July, 2021** (both days inclusive)
लाभांश भुगतान तिथि Dividend Payment Date	**शुक्रवार, 30 जुलाई, 2021** **Friday, the 30th July, 2021**

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254–260 अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै 600 014

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडियन बैंक के शेयरधारकों की **पंद्रहवीं वार्षिक आम बैठक** शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से** आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य निम्नांकित कारोबार का संचालन करना है:

मद संख्या 1 :

यथास्थिति 31 मार्च 2021 को बैंक की लेखापरीक्षित तुलनपत्र, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ व हानि लेखा, लेखों द्वारा कवर की गई इस अवधि के लिए बैंक के कार्यों व कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलनपत्र व लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा करना, अनुमोदित करना एवं अपनाना।

मद संख्या 2 :

इक्विटी शेयरों से संबंधित लाभांश की घोषणा।

निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-

(पद्मजा चुन्डूरु)

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै

दिनांक : 10 जून, 2021

टिप्पणियाँ

1. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक आम बैठक का संचालन ("ई–एजीएम") :**

ए) कोविड–19 महामारी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए, सोशल डिस्टेन्सिंग नियमों का अनुपालन करना आवश्यक है तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") द्वारा जारी साधारण परिपत्र क्र 14/ 2020, 17/ 2020, 20/2020, 39/2020 एवं 39/2021 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई, 2020, 31 दिसंबर 2020 एवं 13 जनवरी, 2021 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी परिपत्र) द्वारा जारी परिपत्र क्र. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/ 2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/ 2021/11 दिनांक 5 जनवरी, 2021 तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताए और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के प्रावधानों के अनुसार, बैंक की एजीएम का संचालन वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर सभी सदस्यों/शेयरधारकों की सशरीर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी। एजीएम के लिए विचारणीय स्थान चेन्नै में स्थित बैंक का कॉर्पोरेट कार्यालय होगा। चूंकि कार्यसूची मद को टाला नहीं जा सकत है, अतः वीसी/ओएवीएम के जरिए बैंक के एजीएम में इसे संचालित किया जाए।

बी) बैंक एमसीए परिपत्र में वर्णित सभी प्रावधानों का अनुपालन एवं पालन कर रहा है। बैंक ने वीसी/ओएवीएम कनेक्शन में तकनीकी खराबी से बचने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। बैंक ने बैठक की समग्रता को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की है।

सी) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में सहभागिता एवं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

डी) एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्र के अनुसार, एजीएम की सूचना बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in, बीएसई लिमिटेड नामक स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com, पर उपलब्ध कराई जाएगी।

ई) चूंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित की जाएगी, इस कारण रूट मैप इस सूचना में संलग्न नहीं है, जैसा कि सचिवीय मानक 2 के अंतर्गत अपेक्षित है।

एफ) भौतिक मोड में शेयर रखनेवाले शेयरधारक एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त करने के लिए लिंक https://investors.cameoindia.com पर क्लिक करके अपने ई–मेल आईडी को अस्थायी रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

2. **मतदान अधिकार :**

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (2ई) के अनुसार केन्द्रीय सरकार के अतिरिक्त बैंक का कोई भी शेयरधारक अपने द्वारा धारित शेयरों के संबंध में, **बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक**, मतदान का प्रयोग करने का हकदार नहीं है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999 यथा संशोधित के विनियम 10 के अनुसार यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत है तो इस स्थिति में रजिस्टर में पहले पंजीकृत व्यक्ति को मतदान किए जाने का अधिकारी माना जाएगा।

3. प्रॉक्सी की नियुक्ति :

एमसीए परिपत्र के अनुसार चूंकि सदस्यों को सशरीर उपस्थिति होने के लिए माना किया गया है, अतः प्राक्सियों की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1999 के विनियम 62 के तहत इस एजीएम में सदस्यों द्वारा प्राक्सियों की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः, प्राक्सी की नियुक्ति के लिए लिखत और उपस्थिति पर्ची इसके साथ संलग्न नहीं है।

4. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति :

कोई भी व्यक्ति, किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय, जो बैंक का शेयरधारक है, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में तब तक बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेगा अथवा मतदान नहीं कर सकेगा जब तक कि विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करने वाले संकल्प की प्रति जिसे उस बैठक, जिसमें उसे पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा सत्यप्रति के रूप में प्रमाणित किया गया है, जिसे बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय कंपनी सचिव, इंडियन बैंक, निवेशक सेवा कक्ष, विंग 2 – सी, द्वितीय तल, 254–260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 को या उक्त संकल्प की प्रमाणित मूल प्रति की स्कैन कॉपी ई–मेल के माध्यम से scrutinizer@snaco.net एवं इसकी प्रति investors@indianbank.co.in को वार्षिक आम बैठक की तारीख से कम से कम **चार दिन** पहले तक अर्थात **09 जुलाई, 2021** को कार्य–समय की समाप्ति तक या उससे पूर्व भेजा जाए।

5. अभिलेख तिथि और बही का बन्द किया जाना

लाभांश भुगतान हेतु अभिलेख तिथि **शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021 होगी।**

एजीएम के निमित्त बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण/हस्तानांतरण बहियाँ **शनिवार, 10 जुलाई, 2021 से शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021** तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेंगी।

6. लाभांश का भुगतान

वार्षिक आम बैठक में यदि शेयरधारकों द्वारा लाभांश की घोषणा की जाती है तो उसका भुगतान उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम:

ए) इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गये शेयरों के सम्बन्ध में, **शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021** को कार्य समाप्ति पर एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली शेयरधारकों की सूची में शामिल हों तथा/अथवा

बी) भौतिक रूप में रखे गये शेयरों के सम्बन्ध में, शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021 को कार्य समाप्ति से पूर्व शेयरधारकों से प्राप्त वैध अंतरण/हस्तांतरण अनुरोध को प्रभावी करने के पश्चात शुक्रवार, **09 जुलाई, 2021** को शेयरधारकों की पंजी में शामिल हों।

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) के माध्यम से लाभांश को जमा करने का विकल्प नही दिया है, उन्हें लाभांश के भुगतान तिथि से पहले रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट यथा मेसर्स कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड के जरिए लाभांश वारंट भेजा जाएगा।

ऐसे शेयरधारक जिन्होंने एनएसीएच/इलेक्ट्रानिक रूप से जमा के माध्यम से लाभांश को अपने खाते में जमा करने का विकल्प दिया है, उनका लाभांश एनएसीएच के माध्यम से उनके बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा।

एनएसीएच निष्फलध्वापस होने की स्थिति में संबंधित शेयरधारकों को लाभांश वारंट जारी किया जाएगा।
लाभांश का भुगतान भारत सरकार के आवश्यक अनुमोदन/निर्देश के अधीन है।

लाभांश भुगतान की तिथि 30 जुलाई, 2021 होगी।

7. उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पत्र :

चूंकि बैठक वीसी/ओवीएम के माध्यम से संचालित की जा रही है अतः एजीएम में सहभागिता के लिए उपस्थिति पर्ची की आवश्यकता नहीं है।

लॉकडाउन संपूर्णता से हटने या सभा करने पर प्रतिबंध में राहत मिलने और ऑडिटोरियम में बैठक का आयोजन किए जाने और शेयरधारकों के बैठक में उपस्थित रहने के पात्र होने की स्थिति में शेयरधारकों के हित में उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पत्र को बैठक के स्थान पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

8. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट के साथ पत्राचार :

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पंजीकृत पते में किसी प्रकार के परिवर्तन होने, ट्रांसमिशन, डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने, ईसीएस (इलेक्ट्रानिक समाशोधन पद्धति) अधिदेश आदि हेतु अनुरोध करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेन्ट (आरटीए) को निम्न पते पर संपर्क करें :

कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड
(यूनिट : इंडियन बैंक)
सुब्रमण्यम बिल्डिंग
नं –1, क्लब हाउस रोड,
चेन्नै 600 002
टेलीफोन – 044 – 28460390/91/92/93/94 (5 लाइनें)
ईमेल : investor@cameoindia.com या cameo@cameoindia.com

शेयरधारकों को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से इंडियन बैंक ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै में निवेशक सेवा कक्ष की स्थापना की है। शेयरधारक और निवेशक किसी भी प्रकार की सहायता हेतु निम्नलिखित पते पर इस कक्ष से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं :

महाप्रबंधक – सीएफओ इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, 254–260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 दूरभाष : 044–28134574 ई–मेल : cfo@indianbank.co.in	सहायक महा प्रबन्धक एवं कंपनी सचिव निवेशक सेवा कक्ष 254–260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 दूरभाष : 044–28134698 ई–मेल : ibinvestorrelations@indianbank.co.in

9. अदत्त/अदावी लाभांश, यदि हो, तो :

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10 बी के अनुसार, वह राशि जो अदत्त/अदावी लाभांश खाता में अंतरित किया गया हो और ऐसे अंतरण की तिथि से वह सात वर्षों के लिए अदत्त/अदावी हो तो उसे कंपनी अधिनियम, 1956/2013 की धारा 205 सी/125 के तहत केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में अंतरित किया जाएगा।

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के पत्र संख्या एफ.सं.7/93/2013–बीओए दिनांक 21.05.2014 के माध्यम से दिए गए निर्देश/दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2012–13 और 2013–14 (अंतरिम) के लिए बैंक की अदत्त और अदावी लाभांश राशि को "इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड" में अंतरित कर दिया गया है और वित्तीय वर्ष 2013–14 (अंतिम) के लिए बैंक के अदत्त और अदावी लाभांश को "इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड" में अंतरित किया जाना प्रक्रियाधीन है।

इसके अलावा, यह अनुरोध किया जाता है कि जिन शेयरधारकों ने वित्तीय वर्ष 2014–15 और उसके बाद बैंक द्वारा घोषित लाभांश प्राप्त/दावा नहीं किया है, वे एनईएफटी/ एनएसीएच के माध्यम से अपने अदत्त लाभांश वारंट

की आय के विप्रेषण के लिए रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड, सुब्रमण्यम बिल्डिंग, नं –1, क्लब हाउस रोड, चेन्नै 600 002 के पास अपना वैध दावा दर्ज करें।

बैंक ने अदत्त/अदावी लाभांश वारंटों का विवरण अपनी वेबसाइट www.indianbank.in पर प्रदर्शित किया है ताकि शेयरधारक शेयर अंतरण एजेंट या बैंक से संपर्क कर दावा कर सके।

10.पता/बैंक ब्यौरा/बैंक खाता में परिवर्तन

ए) लाभांश का भुगतान करने हेतु बैंक एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डिपॉजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किये गये बैंक खाते के ब्यौरे का उपयोग करेगा। जिन शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रानिक रूप में शेयर रखे हुए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डिपॉजिटरी खाते में रजिस्टर्ड बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ अद्यतन किया जाना चाहिए, ताकि अभिलेख तिथि के पूर्व इसे अद्यतन किया जा सके। बैंक अथवा इसके शेयर अंतरण एजेन्ट इलेक्ट्रानिक रुप में रखे शेयरों के धारकों से बैंक विवरणों अथवा बैंक मैंडेट में किसी परिवर्तन हेतु सीधे प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इस तरह के परिवर्तन शेयरधारकों द्वारा अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ किए जाने चाहिए, जहां उनका डीमैट खाता है।

बी) जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रूप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करना चाहते हैं, तो वे वैध दस्तावेजी सबूत के साथ हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन प्रेषित करें एवं यदि अपने बैंक खाते विवरण में परिवर्तन करना चाहते हैं तो रद्द किए गए चेक जिस पर निम्न विवरण जैसे कि खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड और नाम छपा हो, के साथ हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन सूचना बैंक के रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए), कैमियो कॉर्पोरेट सेवाएँ लिमिटेड को उपरोक्त उल्लिखित पते पर भेजें।

सी) शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के आरटीआए के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय संबंधित फोलियो क्रमांक (भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य) और संबंधित डीपी आईडी/ग्राहक आईडी क्रमांक (इलेक्ट्रानिक/डीमेट रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) का अनिवार्य रुप से उल्लेख करें।

11. हरित पहल :

'हरित पहल' का समर्थन करने के उद्देश्य से, जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ईमेल पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गये हैं तो वे अपने डीपी के साथ अपना ईमेल पंजीकृ त करें और यदि शेयर भौतिक रूप में रखे गये हैं तो कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड के साथ अपना ईमेल पंजीकृत करें।

12. ई–मतदान के माध्यम से मतदान अधिकार का प्रयोगः

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अनुसार, बैठक में उपस्थित रहने व मतदान के पात्र शेयरधारक रिमोट ई–मतदान के जरिये अपने मतदान का प्रयोग कर सकते हैं।

रिमोट ई–वोटिंग वैकल्पिक है।

शेयरधारकों/हिताधिकारी स्वामी के मताधिकारों का निर्धारण **शुक्रवार, 09 जुलाई, 2021** (इस उद्देश्य हेतु निर्धारित तिथि) को उनके द्वारा धारित शेयरों के आधार पर किया जाएगा।

13. सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण :

सेबी और एमसीए परिपत्रों के अनुरूप एजीएम नोटिस और वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट को डाक से प्रेषित नहीं किया जाएगा बल्कि इसे बैंक के शेयरधारक अभिलेख में अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत करनेवाले ग्राहकों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजा जाएगा।

एजीएम नोटिस और वित्त वर्ष 2020–21 की वार्षिक रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in पर प्रदर्शित किया जाएगा।

14. भौतिक धारण का अमूर्तीकरण :

सेबी ने प्रतिभूति बाजार के प्रत्येक भागीदार को स्थायी खाता संख्या (पैन) एवं बैंक विवरण जमा करना अनिवार्य कर दिया है। सदस्य जो इलेक्ट्रोनिक रूप से शेयर रखते हैं उनसे अनुरोध है कि वह अपना पैन का विवरण अपने डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंट के पास जमा करें, भौतिक रूप से शेयरों को रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक के आरटीए को अपना पैन का विवरण प्रस्तुत करें। सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों को 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी रूप से केवल अमूर्तीकरण रूप में हस्तांतरित किया जा सकता है। भौतिक रूप से शेयर्स को रखने वाले सभी सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि अपने रखे हुए भौतिक शेयरों से संबद्ध सभी जोखिमों को दूर करने के लिए उन्हें अमूर्तीकरण रूप में बदलने पर विचार करें।

15. बैठक में ई–मतदान हेतु संवीक्षक :

एजीएम प्रक्रिया में रिमोट ई–मतदान और मतदान को न्यायोचित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु बैंक ने मेसर्स एस एन अनन्तसुब्रमणियन, कंपनी सचिव को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

16. ई–मतदान एवं संबन्धित प्रक्रिया :

इलेक्ट्रानिक रूप से वोटिंग करने हेतु सदस्यों के लिए अनुदेश निम्नवत् हैं:–

इलेक्ट्रानिक वोटिंग श्रृंखला संख्या (ईवीएसएन)- **कार्यसूची मद संख्या 01 :** यथास्थिति 31 मार्च 2021 को बैंक की लेखापरीक्षित तुलनपत्र, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ व हानि लेखा, लेखों द्वारा कवर की गई इस अवधि के लिए बैंक के कार्यों व कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलनपत्र व लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा करना, अनुमोदित करना एवं अपनाना। **कार्यसूची मद संख्या 02 :** इक्विटी शेयरों से संबंधित लाभांश की घोषणा।	210615005

(i) नोटिस के कार्यसूची मद के लिए शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार **09 जुलाई, 2021** (इस उद्देश्य के लिए निर्धारित तिथि) को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

(ii) मतदान की अवधि **13 जुलाई, 2021 को सुबह 10.00 बजे शुरू होगी और 15 जुलाई, 2021 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी।** इस अवधि के दौरान बैंक के शेयरधारक जिनके पास कट–ऑफ तिथि (अभिलेख तिथि) अर्थात 09 जुलाई, 2021 को भौतिक रूप में या डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर हैं, अपना मतदान इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर सकते हैं। इसके बाद मतदान के लिए सीडीएसएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

(iii) जो शेयरधारक बैठक की तारीख से पहले ही मतदान कर चुका होगा, वे बैठक में मतदान करने के हकदार नहीं होंगे।

(iv) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम **44** के तहत सेबी परिपत्र संख्या **सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 09.12.2020** के अनुसार, सूचीबद्ध संस्थाओं को सभी शेयरधारकों के प्रस्तावों के संबंध में अपने शेयरधारकों को रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। तथापि, यह देखा गया है कि सार्वजनिक गैर–संस्थागत शेयरधारकों/खुदरा शेयरधारकों की भागीदारी नगण्य स्तर पर है। वर्तमान में, भारत में

सूचीबद्ध संस्थाओं को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करनेवाले कई ई–वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) हैं। इसके लिए शेयरधारकों द्वारा विभिन्न ईएसपी पर पंजीकरण और कई यूजर आईडी और पासवर्ड के रखरखाव की आवश्यकता होती है। सार्वजनिक परामर्श के अनुसरण में मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, **सभी डीमैट खाताधारकों को उनके डीमैट खातों/डिपॉजिटरी की वेबसाइटों/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से एकल लॉगइन क्रेडेंशियल** के माध्यम से ई–वोटिंग सक्रिय करने का निर्णय लिया गया है। डीमैट खाताधारक ईएसपी में फिर से पंजीकरण किए बिना अपना वोट डालने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण की सुविधा होगी बल्कि ई–वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेना आसान और सुविधायुक्त बनाएगी।

(v) सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सुविधा संबंधी सेबी के परिपत्र संख्या **सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242** दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 के अनुसार, डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारक डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास रखे अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट कर सकते हैं। ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अद्यतन करें।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसार, **डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारकों** के लिए ई–वोटिंग और वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए लॉगइन विधि नीचे दी गई है:

शेयरधारक का प्रकार	**लॉगइन विधि**
सीडीएसएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1) जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल ईजी/इजियेस्ट सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगइन कर सकते हैं। बिना किसी प्रमाणीकरण के ई–वोटिंग पेज पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं के लिए ईजी/इजियेस्ट में लॉगइन करने के लिए यूआरएल https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login हैं या वे www.cdslindia.com पर जाएं और लॉगइन आइकन पर क्लिक करें और न्यू सिस्टम माईसी चुनें। 2) सफल लॉगइन के बाद ईजी/इजियेस्ट उपयोगकर्ता कंपनी/बैंक द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार उन पात्र कंपनियों/बैंकों के लिए ई–वोटिंग विकल्प देख सकेंगे जहां ई–वोटिंग चल रही है। ई–वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर उपयोगकर्ता रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या बैठक के दौरान वर्चुअल बैठक और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई–वोटिंग सेवा प्रदाता का ई–वोटिंग पेज देख सकेगा। इसके अतिरिक्त सभी ई–वोटिंग सेवा प्रदाताओं अर्थात सीडीएसएल/एनएसडीएल/कार्वी/लिंकइनटाइम के सिस्टम को एक्सेस करने के लिए लिंक भी प्रदान किया गया है ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई–वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सके। 3) यदि उपयोगकर्ता ईजी/इजियेस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है तो पंजीकरण के लिए https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/EasiRegistration पर विकल्प उपलब्ध है। 4) वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com के होम पेज पर उपलब्ध ई–वोटिंग लिंक में डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई–वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद उपयोगकर्ता जहां वोटिंग चल रही है उसके लिए ई–वोटिंग विकल्प देख

	सकेगा और सभी ई–वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम को सीधे एक्सेस भी कर सकेगा।
एनएसडीएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1) यदि आप पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत हैं तो कृपया एनएसडीएल की ई–सेवाएं वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउजर खोलें। ई–सेवाओं का होम पेज खुलने के बाद 'आइडीएएस' सेक्शन में उपलब्ध "लॉगइन" के तहत "बेनिफिशियल ओनर" आइकन पर क्लिक करें। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद आप ई–वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। ई–वोटिंग सेवाओं के तहत "एक्सेस टू ई–वोटिंग" पर क्लिक करें और आप ई–वोटिंग पेज देख पाएंगे। कंपनी/बैंक के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें जो आपको रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई–वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा। 2) यदि उपयोगकर्ता आईडीईएएस ई–सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। आईडीईएएस पोर्टल के लिए "रजिस्टर ऑनलाइन" चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3) एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउजर खोलें। ई–वोटिंग सिस्टम का होम पेज खुलने के बाद 'शेयरहोल्डर/मेम्बर' सेक्शन में उपलब्ध "लॉगइन" आइकन पर क्लिक करें। एक नई स्क्रीन खुलेगी। स्क्रीन पर दिखाए गए अनुसार आपको अपना यूजर आईडी (अर्थात एनएसडीएल में रखे आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर ले जाया जाएगा जहां आप ई–वोटिंग पेज देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें जो आपको रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई–वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा।
व्यक्तिगत शेयरधारक (डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले) अपने **डिपॉजिटरी प्रतिभागियों** के माध्यम से लॉगइन करते हैं	आप ई–वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल में पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगइन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगइन कर सकते हैं। सफल लॉगइन के बाद आप ई–वोटिंग विकल्प देख पाएंगे। ई–वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर आपको सफल प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर ले जाया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग फीचर देख पाएंगे। कंपनी/बैंक के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें जो आपको रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए ई–वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर ले जाएगा।

महत्वपूर्ण सूचना: जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड भूल गए हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

डिपॉजिटरी अर्थात सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगइन से संबंधित किसी भी तकनीकी मुद्दे के लिए डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क :

लॉगइन का प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
सीडीएसएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन में तकनीकी समस्या होने पर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क करने के लिए सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज सकते हैं या 022– 23058738 और 22–23058542–43 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल में डीमैट रूप में प्रतिभूति रखनेवाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन में तकनीकी समस्या होने पर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क करने के लिए सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबररू 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं।

(vi) ई–वोटिंग और **डीमैट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों और भौतिक शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों** के लिए वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए लॉगइन विधि:

1) शेयरधारक ई–वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com में लागऑन करें।
2) ''शेयरहोल्डर'' मॉड्यूल पर क्लिक करें।
3) अब अपने यूजर आईडी को प्रविष्ट करें।
   (क) सीडीएसएल के लिए : 16 अंकों की लाभार्थी आईडी,
   (ख) एनएसडीएल के लिए : 8 कैरेक्टर डीपी आईडी के बाद 8 डिजिट क्लाइंट आईडी,
   (ग) भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों को बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर दर्ज करना चाहिए।
4) छवि सत्यापन को प्रदर्शित किए अनुसार दर्ज करें और लॉगइन पर क्लिक करें।
5) यदि आप डीमैट रूप में शेयर रख रहे हैं और www.evotingindia.com पर लॉगइन किया है और किसी अन्य कंपनी/बैंक के मतदान में शामिल हुए है, तो आप मौजूदा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।
6) यदि आप पहली बार उपयोगकर्ता हैं तो नीचे दिए गए चरणों का पालन करें –

	डीमैट रूप और भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अल्फा–न्यूमरिक 10 अंकोंवाला अपना पैन दर्ज करें (डीमैट शेयरधारक और भौतिक शेयरधारक दोनों के लिए लागू) • जिन शेयरधारकों ने बैंक/डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंट में अपने पैन को अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक/आरटीए द्वारा दिए गए अनुक्रम संख्या का उपयोग करें या बैंक/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण या जन्म तिथि	लॉगइन करने के लिए अपने डीमैट खाते में या बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज जन्म तिथि (dd/mm/yyyy प्रारूप में) दर्ज करें। • यदि दोनों विवरण डिपॉजिटरी या बैंक में दर्ज नहीं हैं, तो निर्देश (v) में उल्लिखित लाभांश बैंक विवरण फील्ड में सदस्य आईडी/फोलियो संख्या दर्ज करें।

(vii) इन विवरणों को उचित रूप से दर्ज करने के बाद, ''सबमिट'' टैब पर क्लिक करें।

(viii) भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक इसके बाद सीधे बैंक चयन स्क्रीन में पहुँच जाएँगे। तथापि डीमैट रूप में शेयर धारित करनेवाले सदस्य, अब ''पासवर्ड सृजन'' के मेनु में पहुँचेंगे जहाँ उनसे अनिवार्यतः अपेक्षा की जाती है कि वे नये पासवर्ड फील्ड में अपने लागइन पासवर्ड को प्रविष्ट करें। कृपया नोट करें कि इस पासवर्ड का प्रयोग डीमैट धारकों द्वारा अन्य किसी भी कंपनी के संकल्पों के लिए वोट करने हेतु भी किया जाएगा, जहाँ वे वोट देने के लिए पात्र हैं बशर्ते कि कंपनी सीडीएसएल प्लैटफार्म के जरिए ई–मतदान का

विकल्प उपलब्ध कराती है। हमारी सलाह है कि आप किसी अन्य व्यक्ति के साथ पासवर्ड साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने हेतु अत्यन्त सावधानी बरतें।

(ix) भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यों के लिए, इस नोटिस में निहित प्रस्तावों पर केवल ई–मतदान के लिए विवरण का उपयोग किया जा सकता है।

(x) संबंधित < कंपनी का नाम> ईवीएसएन पर क्लिक करें, जिस पर आप मतदान देना चाहते हैं।

(xi) वोटिंग पेज पर आप "संकल्प का वर्णन" पाएँगे और उसके सामने मतदान हेतु ''हाँ/नहीं'' विकल्प होगा। अपनी इच्छानुसार "हाँ" या "नहीं" का चयन करें। "हाँ" विकल्प का अभिप्राय यह है कि आप संकल्प से सहमत हैं और "नहीं" विकल्प का अभिप्राय यह है कि आप संकल्प से सहमत नहीं हैं।

(xii) आप संपूर्ण संकल्पों को देखना चाहते हैं तो ''संकल्प फाइल लिंक'' पर क्लिक करें।

(xiii) आपने जिस संकल्प पर मतदान देने का निर्णय लिया है, उसको चुनने के बाद ''सबमिट'' पर क्लिक करें। एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित किया जाएगा। आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो ''ओके'' पर क्लिक करें या अपना वोट बदलना चाहते हैं तो ''कैन्सल'' पर क्लिक करें और तदनुसार अपने वोट को आशोधित करें।

(xiv) आप जब एक बार संकल्प पर अपना वोट ''पुष्टिकृत'' (CONFIRM) कर देते, तो आपको उसे बदलने नहीं दिया जाएगा।

(xv) वोटिंग पेज पर "क्लिक हियर टू प्रिंट" विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा किए वोट को प्रिंट भी कर सकेंगे।

(xvi) यदि डीमैट खाताधारक, अपने बदले गए पासवर्ड को भूल जाता है तो उपयोगकर्ता आईडी और छवि सत्यापन कोड को दर्ज करें और "पासवर्ड भूल गए" पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा बताए गए विवरण दर्ज करें।

गैर–व्यक्तिगत शेयरधारक और कस्टोडियन के लिए सुविधा– रिमोट वोटिंग

- गैर–व्यक्तिगत शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिक, एचयूएफ़, एनआरआई आदि से अन्य) और कस्टोडियन को www.evotingindia.com पर लॉगइन करना होगा और खुद को 'कोर्पोरेट्स' मॉड्यूल में पंजीकृत करना होगा।
- संस्था की मोहर और हस्ताक्षर सहित पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करना होगा।
- लॉगइन विवरण प्राप्त करने के बाद एडमिन लॉगइन और पासवर्ड का उपयोग करके एक अनुपालन उपयोगकर्ता बनाना होगा। अनुपालन उपयोगकर्ता उस खाते (खातों) को लिंक करने में सक्षम होगा जिसके लिए वे मतदान करना चाहते हैं।
- लॉगइन में लिंक किए गए खातों की सूची को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल किया जाना चाहिए और उन खातों का अनुमोदन होने के पश्चात वे अपना मतदान कर सकेंगे।
- बोर्ड के संकल्प और पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) की एक स्कैन प्रति जो उन्होंने कस्टोडियन के पक्ष में जारी की है, यदि कोई है, तो इसे सत्यापित करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए।
- वैकल्पिक रूप से गैर–व्यक्तिगत शेयरधारकों द्वारा संबंधित बोर्ड के संकल्प/प्राधिकरण पत्र आदि को विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, जो वोट करने के लिए अधिकृत हैं, के सत्यापित हस्ताक्षर के साथ संवीक्षक और बैंक को ईमेल पते यथा investors@indianbank.co.in पर भेजा जाना अपेक्षित है, यदि उन्होंने अलग–अलग टैब से मतदान किया है और जांच के लिए सीडीएसएल ई–वोटिंग सिस्टम में उसे अपलोड नहीं किया है।

17. एजीएम में मतदान

कार्यसूची मदों पर चर्चा के बाद बैंक इन कार्यसूची मदों के संदर्भ में मतदान शुरू करेगा। यह मतदान इस उद्देश्य हेतु नियुक्त किए गए संवीक्षक के द्वारा संचालित व परीक्षित किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम या भौतिक रूप से आयोजित होनेवाले बैठक में शामिल होनेवाले शेयरधारक/ परोक्षी/अधिकृत प्रतिनिधि अपना मतदान प्रक्रिया के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। यद्यपि वे शेयरधारक जोकि रिमोट ई–मतदान के जरिये अपना मत दे चुके हैं वे भौतिक बैठक के दौरान होने वाली मतदान प्रक्रिया में दुबारा मतदान के पात्र नहीं होंगे।

18. एजीएम के दौरान बैठक में सहभागिता और ई–मतदान के संबंध में शेयधारकों के लिए निम्नलिखित निर्देश हैं :

i. एजीएम के दिन बैठक और ई–वोटिंग में भाग लेने की प्रक्रिया वही है जो रिमोट ई–वोटिंग के लिए ऊपर उल्लिखित है।

ii. नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार, शेयरधारक बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में जुड़ सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में प्रतिभागिता की सुविधा सबसे पहले जुड़ने वाले 1000 शेयरधारकों के लिए उपलब्ध रहेगी। इसमें बड़े शेयरधारक (2% या अधिक शेयरधारिता रखनेवाले शेयरधारक), प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति एवं हितधारक संबंध समित, लेखापरीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे तथा ये पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बिना किसी प्रतिबंध के एजीएम में भाग सकेंगे।

iii. बैठक में भाग लेने के लिए वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक उपलब्ध होगा जहां रिमोट ई–वोटिंग के लिए ऊपर उल्लिखित निर्देशों के अनुसार सफल लॉगइन के बाद बैंक का ईवीएसएन प्रदर्शित किया जाएगा।

iv. रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले शेयरधारक एजीएम बैठक में भाग लेने के लिए पात्र होंगे । हालांकि, वे एजीएम बैठक में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

v. शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि बेहतर अनुभव के लिए वे लैपटाप/आई पैड का इस्तेमाल करें।

vi. इसके अतिरिक्त बाधारहित बैठक के लिए शेयरधारकों को अच्छी तीव्रता वाले इन्टरनेट का प्रयोग एवं कैमरा ऑन किए जाने की आवश्यकता है।

vii. मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से मोबाइल उपकरणों या टैबलेट या लैपटाप का उपयोग करनेवाले कृपया नोट करें कि संबन्धित नेटवर्क में अस्थिरता के कारण ऑडियो/वीडियो की अदृश्यता हो सकती है। अतः उपरोक्त अवरोधों से बचने के लिए स्थिर वाई–फाई या लैन कनैक्शन के प्रयोग की सलाह दी जाती है।

viii. यदि कोई शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार प्रकट करना/प्रश्न पूछना चाहता है तो वह **09 जुलाई, 2021 तक या उससे** पहले investors@indianbank.co.in पर अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर बताते हुए स्वयं को स्पीकर के रूप में पंजीकृत करने हेतु अग्रिम निवेदन भेजे। वे शेयरधारक जिनके पास प्रश्न हैं किन्तु वे उन्हें एजीएम के दौरान नहीं पूछना चाहते हैं, वह **09 जुलाई, 2021 तक या उससे** पहले बैंक के ई–मेल आईडी पर अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर बताते हुए अपने प्रश्नों को हमें भेजे। बैंक द्वारा उनके प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त रूप से ई–मेल द्वारा दिये जाएंगे।

ix. **जिन शेयरधारकों ने स्वयं को स्पीकर के रूप पंजीकृत किया है केवल वे ही एजीएम के दौरान अपने विचार प्रकट कर सकते हैं/प्रश्न पूछ सकते हैं।**

x. केवल वे शेयरधारक, जोकि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और रिमोट ई–मतदान के माध्यम से कार्यसूची मदों/संकल्पों पर मतदान नहीं किया है एवं ऐसा करने से प्रतिबंधित भी नहीं हैं, एजीएम के दौरान ई–मतदान हेतु पात्र होंगे।

xi. उन शेयरधारकों, जिन्होंने एजीएम के दौरान उपलब्ध ई–मतदान के माध्यम से मतदान किया है किन्तु वे वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से होनेवाली बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं, के मतों को अवैध माना जाएगा

क्योंकि बैठक के दौरान ई–मतदान की सुविधा केवल बैठक में उपस्थित रहनेवाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध होगी।

xii. इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1999 के विनियम 50 के तहत कोरम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेनेवाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना की जाएगी।

उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनका ईमेल/मोबाइल नं. बैंक/डिपॉजिटरी के शेयरधारक रिकॉर्ड में पंजीकृत नहीं हैं।

1. वे शेयरधारकों जिनके पास शेयर भौतिक रूप में है– कृपया अपना आवश्यक विवरण यथा फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति) **आरटीए को ईमेल आईडी murali@cameoindia.com** पर ईमेल द्वारा भेजें।
2. डीमैट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के माध्यम से अद्यतन करें।
3. व्यक्तिगत डीमैट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के माध्यम से अद्यतन करें जो डिपॉजिटरी के माध्यम से ई–वोटिंग और वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।

यदि आपके पास एजीएम और ई–वोटिंग में भाग लेने के संबंध में सीडीएसएल ई–वोटिंग सिस्टम से कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल कर सकते हैं या 022–23058738 और 022–23058542ध43 पर संपर्क कर सकते हैं।

19. एजीएम के दौरान रिमोट ई–मतदान और ई–मतदान के परिणाम :

रिमोट ई–मतदान के परिणामों को बैठक में ई–मतदान के परिणामों के साथ एकत्र किया जाएगा जिसकी घोषणा बैंक द्वारा अपनी वेबसाइट पर की जाएगी तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात एनएसई और बीएसई को भी सूचित किया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-

(पद्मजा चुन्डूरू)

प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै

दिनांक : 10 जून, 2021

Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai,
Royapettah, Chennai- 600 014.

NOTICE

NOTICE is hereby given that the **Fifteenth Annual General Meeting** of the Shareholders of Indian Bank will be held on **Friday, the 16th July, 2021 at 11.00 a.m. (IST) through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM)** to transact the following business (es):

Item No. 1:

To discuss, approve and adopt the Audited Balance Sheet of the Bank as at March 31, 2021, the Profit and Loss account for the year ended on that date, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

Item No. 2:

To declare dividend on Equity Shares

By Order of the Board of Directors

Sd/-
(Padmaja Chunduru)
Managing Director & CEO

Place : Chennai
Date : 10th June 2021

NOTES

1. HOLDING OF ANNUAL GENERAL MEETING THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO VISUAL MEANS ("E-AGM"):

